पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# लखनऊ विश्वविद्यालय में स्मार्ट इंडिया इंटरनल हैकाथॉन–2026 का सफल आयोजन, 126 टीमों के 756 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

## 50 टीमों के आइडिया राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

लखनऊः 12 सितम्बर, 2026

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के मार्गदर्शन में स्मार्ट इंडिया इंटरनल हैकाथॉन–2026 का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संकाय के डीन प्रो. सतेंद्र पाल सिंह ने की।

कोऑर्डिनेटर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि हैकाथॉन में विभिन्न विभागों की 126 टीमों के 756 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता आठ सत्रों में आयोजित हुई, जिसका मूल्यांकन 18 जूरी पैनलों द्वारा किया गया। आयोजन में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्य भूषण वर्मा एवं डॉ. नूपुर सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, डिफेंस, कृषि और प्वज जैसे क्षेत्रों में समाज और उद्योग से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। मूल्यांकन में नए विचारों के साथ तकनीकी उपयोगिता, समस्या समाधान क्षमता और वास्तविक जीवन में उपयोग की संभावनाओं को देखा गया।

प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. सत्य भूषण वर्मा ने कहा कि हैकाथॉन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने, प्रयोग करने और नए समाधान विकसित करने का मंच है।

जूरी द्वारा स्क्रीनिंग के बाद 50 टीमों के आइडिया राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किए गए हैं। इनकी अब राष्ट्रीय स्तर पर स्क्रीनिंग होगी और चयनित टीमों को मेंटोरिंग एवं प्रशिक्षण मिलेगा। नवंबर में ग्रैंड फिनाले के लिए शॉर्टलिस्ट टीमों की घोषणा होगी और दिसंबर 2026 में ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा।

कार्यक्रम का समापन डॉ. नूपुर सोनी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे**

राघवेन्द्र / 06:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in